मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-98
16/02/2025

# प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने भोजपुर जिला को दी 406 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात, 307 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

पटना, 16 फरवरी 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में भोजपुर जिला के जगदीशपुर प्रखंड के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के परिसर से 406.56 करोड़ रुपये की कुल 307 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया, इसमें 165.84 करोड़ रुपये की 145 योजनाओं का उद्घाटन और 240.72 करोड़ रुपये की 162 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में भोजपुर जिला अंतर्गत जगदीशपुर प्रखंड के ककिला पंचायत स्थित ग्राम ककिला में 667.56 लाख रुपये की लागत से राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, भोजपुर के परिसर विकास एवं एक बॉक्स कल्वर्ट सहित पहुंच पथ का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया साथ ही 535.27 लाख रुपये की लागत से कृषि कार्य हेतु 11 के0वी0 डेडिकेटेड फिडर का भी उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के असैनिक सह प्रशासनिक भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने कंक्रीट टेक्नोलॉजी प्रयोगशाला, मृदा यांत्रिकी और नींव प्रयोगशाला, हाइड्रोलिक्स और द्रव यांत्रिकी प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लिया। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, ककिला के परिसर में मुख्यमंत्री ने जीविका दीदी की रसोई का फीता काटकर शुभारंभ किया। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री के आगमन पर स्वागत गीत गाकर उनका अभिनंदन किया तथा उनके प्रति अपना आभार प्रकट किया। भोजपुर जिला अंतर्गत विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

जीविका दीदी एवं विभिन्न विभागों द्वारा ककिला ग्राम में लगाये गये स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना अंतर्गत वर्ष 2024–25 में प्रथम किश्त की राशि 3 करोड़ 20 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, 20779 जीविका स्वयं सहायता समूह का वित्त पोषण हेतु 203 करोड़ 76 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, सतत् जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत 2115 लाभार्थियों को परिसंपत्ति का वितरण के तहत 9 करोड़ 54 लाख 69 हजार 600 रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, दीदी अधिकार केंद्र की चाबी, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना की चाबी, आयुष्मान वय वंदना कार्ड तथा मुख्यमंत्री कृषि वानिकी अन्य प्रजाति प्रोत्साहन राशि अंतर्गत 3 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। संबल योजना अंतर्गत बैट्री चालित ट्रायसाइकिल की चाबी, मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना अंतर्गत 5 लाख रुपये का सांकेतिक चेक एवं चाबी तथा वर्ष 2024 में ग्राम जवईनिया पंचायत दामोदरपुर अंचल साहपुर में गंगा नदी का जल स्तर बढ़ जाने के कारण मिट्टी का लगातार कटाव होने से जल में समाहित घरों के लिये सरकारी सहायता राशि के तहत 70 लाख 80 हजार रुपये का सांकेतिक चेक लाभुकों को प्रदान किया।

इस दौरान जीविका दीदियों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे बिहार में आप सभी जीविका दीदियां काफी अच्छा काम कर रही हैं। जब हम केंद्र में मंत्री थे तो कई जगहों पर जाकर स्वयं सहायता समूह के कामों को देखे थे। बिहार में स्वयं सहायता समूहों की संख्या बहुत कम थी वर्ष 2005 में जब बिहार में हमलोगों की सरकार बनी तब हमलोगों ने स्वयं सहायता समूहों का विस्तार करने का निर्णय लिया। इसके लिये वर्ष 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर पूरे बिहार में स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने की दिशा में काम शुरू किया गया। हमने ही स्वयं सहायता समूह का नाम जीविका किया और इससे जुड़नेवाली महिलाओं को जीविका दीदी कहा। उस समय की केंद्र सरकार ने हमलोगों के इस काम से प्रेरित होकर देशभर में आजीविका नाम से इस योजना को शुरू किया। हम बिहार में जहां कहीं भी जाते हैं जीविका दीदियों से जरूर मिलते हैं। अब हमलोग बिहार के शहरी क्षेत्रों में भी जीविका समूह का गठन करा रहे हैं। अब तक 3 लाख से ज्यादा जीविका दीदियों की संख्या शहरी क्षेत्रों में हो गई है। आपलोगों को हर प्रकार से सरकर मदद पहुंचा रही है। आपकी जो भी समस्यायें होती हैं उनका तत्काल निराकरण किया जाता है। जिलाधिकारी को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जीविका दीदियों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो इसका विशेष रूप से ध्यान रखें। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया।

मुख्यमंत्री ने राजकीय पॉलिटेक्निक, भोजपुर के प्रांगण में खेल मैदान, वृक्षारोपण एवं ओपेन जिम का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने खेल मैदान का निरीक्षण कर खिलाड़ियों से बातचीत भी की। ककिला ग्राम पंचायत में विकासात्मक कार्यों का मुआयना के क्रम में मुख्यमंत्री स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। मुख्यमंत्री ने ककिला ग्राम स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में 61.35 लाख रुपये की लागत से कराये गये असैनिक कार्य, 5.76 लाख रुपये की लागत से बनाये गये खेल मैदान, 108 लाख रुपये की लागत से ग्राम ककिला में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय के नये भवन का निर्माण कार्य का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर स्मार्ट क्लास, आई0सी0टी0 लैब आदि का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का सांकेतिक चेक लाभुकों को प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने भोजपुर जिला के अंतर्गत जगदीशपुर प्रखंड के हरिगांव पंचायत में सर शिव सागर राम गुलाम राजकीय +2 उच्च विद्यालय में 134.14 लाख रुपये की लागत से कराये गये असैनिक कार्य, 9.85 लाख रुपये की लागत से विद्यालय प्रांगण में बनाये गये खेल मैदान, 69 लाख रुपये की लागत से हरिगांव पंचायत में अवस्थित मोहित सरोवर के छठ घाट, 11.98 लाख रुपये की लागत से हरिगांव पंचायत में शवदाह गृह का निर्माण कार्य, 4.98 लाख रुपये की लागत से ओपेन जिम तथा 64.51 लाख रुपये की लागत से हरिगांव पंचायत में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का जीर्णोद्धार एवं असैनिक कार्य का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने सर शिव सागर राम गुलाम राजकीय +2 उच्च विद्यालय का निरीक्षण कर पुस्तकालय, व्यायामशाला, जीवविज्ञान प्रयोगशाला, रसायन विज्ञान प्रयोगशाला का मुआयना किया। विद्यालय परिसर में स्कूली बच्चों द्वारा लगाये गये साइंस प्रोजेक्ट पर आधारित स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। जल–जीवन–हरियाली अभियान के अंतर्गत कराये गये तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तालाब के बाकी तीनों तरफ सीढ़ी घाट का निर्माण करायें, इससे स्थानीय लोगों और छठव्रतियों को सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने हरिगांव पंचायत स्थित जीविका, भवन ओपेन जिम, पंचायत सरकार भवन एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का भी निरीक्षण किया। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निरीक्षण कर

मुख्यमंत्री ने दवा वितरण केंद्र, पंजीकरण काउंटर आदि का जायजा लिया तथा मरीजों के लिये उपलब्ध चिकित्सा व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने जीरोमाइल, आरा में प्रस्तावित आरा रिंग रोड का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को अवश्यक दिशा–निर्देश दिये। साइट मैप के माध्यम से अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को जीरोमाइल आरा से असनी फ्लाइओवर तक फोरलेन का निर्माण, पकड़ी चौक से बामपाली 'एन0एच0–922' भाया गिरजा चौक, चंदवा मोड़ पथ, अरण्य देवी मंदिर से आरा–बक्सर फोरलेन 'एन0एच0–922' पथ का चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य, जीरोमाइल आरा से पातर तक फोरलेन का निर्माण, आरा टाउन रेलवे स्टेशन से जज कोठी मोड़ पथ का चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य आदि के संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन पथों का काम पूरा हो जाने से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। वाहनों का परिचालन भी सुचारु रूप से होगा। अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि कार्यों को ठीक ढंग से करायें तथा निर्धारित समय सीमा के अंदर इसका कार्य पूर्ण हो इसका विशेष रूप से ख्याल रखें।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सह भोजपुर जिला के प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह, विधान पार्षद श्री राधाचरण साह, विधान पार्षद श्री भगवान सिंह कुशवाहा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मिहिर कुमार सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय श्री कुंदन कृष्णन, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की सचिव डॉ0 प्रतिमा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, सहकारिता विभाग के सचिव श्री धर्मेन्द्र सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री मयंक बरवड़े, शाहाबाद प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री सत्यप्रकाश, भोजपुर के जिलाधिकारी श्री तनय सुल्तानिया, पुलिस अधीक्षक श्री राज, बिहार राज्य खाद्य आयोग के पूर्व अध्यक्ष श्री विद्यानंद विकल, बिहार राज्य भोजपुरी अकादमी के पूर्व अध्यक्ष श्री चन्द्रभूषण राय, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******